# दिल्ली में हुई छात्रा साक्षी की हत्या के विरोध में गंगापुर सिटी में प्रदर्शन

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने इस घटना की पुरजोर निंदा की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पिछले दिनों दिल्ली में हुई नाबालिग छात्रा साक्षी की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला संयोजक सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में उदई मोड़ सर्किल पर प्रदर्शन किया। जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि दिल्ली में नाबालिग छात्रा को दिनदहाड़े एक युवक ने मौत के घाट उतार दिया जो कि सरकार और प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है।

नगर मंत्री मनोज सैनी ने कहा कि शीघ्र ही आरोपी को फांसी पर लटकाया जाए जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिले। केस को फास्ट ट्रैक में चलाया जाए। समाज सेवी नीरज दीक्षित ने कहा कि ऐसी घटनाएं राजस्थान और दिल्ली में आम हो गई हैं। सरकारें अपनी राजनैतिक रोटियां



**गंगापुर सिटी में अ.भा.वि.प. के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।।**

सेकनें में लगी हुई हैं। जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने कहा कि 28 मई को एक युवक ने नाबालिग किशोरी को मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। जिसके वायरल से वीडियो में भय का माहौल बना हुआ है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इस घटना की पुरजोर निंदा करते हुए आरोपी हत्यारे युवक को महामहिम राष्ट्र पति से फांसी दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करने की मांग की है जिससे देश में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

छात्रा साक्षी के परिवार को न्याय नहीं मिला तो शीघ्र ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सभी प्रदेशों में उग्र प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की होगी। इस दौरान नगर सह मंत्री अभिषेक सोनवाल, विद्यालय इकाई सचिव तरुण सोनी, विनीत खंडीप, पायल शर्मा, रुनू शर्मा, ज्योति सैनी, रोशन मीणा, पूनम गुप्ता, पुनीता, चेतना, साक्षी अग्रवाल, नंदनी जोशी, अंकिता जोशी, नेहा जोशी, ज्योति सिंघल, मुस्कान मीना, प्रांची शर्मा, कृति सिंघल सहित सैकडोउ कार्यकर्ता मोजूद थे।

# धोखाधड़ी से जमीन बेच नकदी हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## शातिर आरोपी विक्रय इकरारनामा कर करते थे सौदा



**धोखाधड़ी से जमीन बेच कर लाखों हड़पने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

**राजसमंद, (निसं)।** राजनगर थाना पुलिस ने एक ही जमीन का अलग-अलग लोगों के नाम पर विक्रय इकरारनामा कर लाखों रुपये हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर मुख्य सरगना सहित तीनजनों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 2 जुलाई 2021 को नारीश्वर राव (42) पुत्र उग्रसेन राव निवासी चित्रकूट नगर उदयपुर ने देवेन्द्र पुत्र किशनसिंह राजपूत निवासी भीलवाडा, शंकरसिंह पुत्र किशनसिंह राजपूत निवासी भीलवाडा, कन्हैयालाल योगी निवासी भीलवाडा, मोहम्मद हुसैन गौरी पुत्र मिठूखान निवासी माटा मोहल्ला कांकरोली, देवीलाल पुत्र नानालाल पालीवाल निवासी मालनिया चौक राजसमंद के खिलाफ थाना में रिपोर्ट लिखवाई। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर एसपी सुधीर जोशी, एएसपी शिवलाल बैरवा एवं सीआई बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन में टीम का गठन कर कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपियों मोहम्मद हुसैन गौरी, देवेन्द्र सिंह, शंकर सिंह को गिरफ्तार किया है।

आरोपी अभी पुलिस रिमांड में चल रहे हैं जिनसे पूछताछ जारी है। देवपुरिया बडारडा थाना राजनगर में स्थित जमीन देवेन्द्र सिंह के नाम पर होकर देवेन्द्र सिंह एवं गिरोह के अन्य सदस्य ने मिलकर उक्त जमीन को विक्रय इकरारनामा के जरिये पहले 6 बीघा 2 बिस्वा भवानी शर्मा निवासी विजयनगर अजमेर को 2015 में करीब 11 लाख रुपये एवं 3 बीघा जमीन महादेव साहु निवासी भीलवाडा को 2017 में बेच चुके थे एवं उसकी एवज में करीब 26 लाख प्राप्त कर चुके हैं। तीनों आरोपियों ने मिलीभगत कर ये घोटाला किया। मोहम्मद हुसैन गौरी के खिलाफ एक प्रकरण मारपीट का दर्ज है। देवेन्द्र सिंह के खिलाफ 3 प्रकरण दर्ज है। शंकर सिंह के खिलाफ मारपीट, धोखाधडी के 4 प्रकरण दर्ज हैं।

# चूरू के डी.बी. अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन

## भाजपाईयों ने अस्पताल अधीक्षक को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**चूरू, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा शहर मंडल व देहात मंडल की ओर से धरना देकर आक्रोश प्रकट किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भरतिया अस्पताल में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने बताया कि डीबी अस्पताल खुद बीमार है। चारों ओर गंदगी का आलम है। डॉक्टर समय पर अपनी सीट पर नहीं बैठते। मरीजों के साथ अन्याय हो रहा है, अस्पताल की व्यवस्था चरमरा रही है। भाजपा ने आरोप लगाया कि किसी मरीज के साथ अगर उसका परिजन उसको दिखाने के लिये आता है, तो वह भी अपने साथ बीमारी को लेकर जाता है। ट्रोमा सेंटर के सामने गंदगी का ढेर लगा हुआ है। ट्रोमा सेंटर का मैन गेट बंद पड़ा होने के कारण मरीजों को दूसरे गेट से होकर जाना पड़ता है।

अस्पताल के सभी शौचालय गंदगी



**भाजपा शहर मंडल व देहात मंडल की ओर से धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश प्रकट किया गया।**

से अटे पड़े हैं। सुरेश सारस्वत ने बताया कि प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के निर्देशानुसार यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। अगर मांगें नहीं मानी जायेगी तो आगामी दिनों में बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा ने अस्पताल अधीक्षक को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और जल्द ही अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की। इस अवसर पर नगर परिषद् में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, नगर मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, मोहनलाल गढ़वाल, दिनेश लाटा, विनोद राठी, दौलत तंवर, संतोष महनसरिया, अनवर थीम, कपिल चंदेल, पार्षद मेघराज भार्गव, गजानंद गौड़, श्रीराम पीपलवा, असलम डायर, इमरान खान, सोहनलाल सहारण सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डोटासरा का किशनगढ़ स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के किशनगढ़ पहुंचने पर स्वागत किया। पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जीवीके टोल प्लाजा के पास प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

प्रदेशाध्यक्ष ने गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आव्हान करते हुए कहा की राहत शिविर में हर तबके को राहत दी जा रही है। शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत सहित अन्य क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिये सार्थक प्रयास कर सौगाते दी। पीसीसी चीफ कुछ देर रुकने के बाद सड़क मार्ग से भीलवाड़ा के लिए हुए रवाना हो गये। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शक्की मोहम्मद, पार्षद राकेश शर्मा, महेंद्र यादव, परमेन्द्र जोशी, धन्नालाल यादव, तक्की मोहम्मद, राहुल सिनोदिया, मोहित खंडेलवाल, मूलचंद शर्मा, मदन जाजोरिया, राजेश सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी के नेतृत्व में पार्षद सुशील अजमेरा, राहुल चोरडिया, मनमोहक शर्मा, कानाराम चोटिया, राजेंद्र भादू, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष सुमेर चौधरी, अशोक झांझरी, बालूराम डूडी आदि ने डोटासरा का स्वागत किया।

# छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** एक दलित परिवार की लड़की ने गंज गांव के युवक के विरुद्ध पुलिस में छेड़छाड़ करने तथा भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला दर्ज कराया है।

लड़की ने अपनी मां के साथ पुलिस थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत देकर मामला दर्ज कराया है कि वह गंज के कालेखा बाग स्थित अटल सेवा केंद्र पर इंटरशिप करने के लिए जाती है। बाद में नर्सिंग कोर्स के लिए खैरथल जाती है। इस दौरान रास्ते में गंज गांव का युवक खिल्लू सैनी आते जाते रास्ते में छेड़छाड़ करता है। लड़की ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया 23 मई को अटल सेवा केंद्र से वह वापस घर जा रही थीं तो रास्ते में युवक ने बदतमीजी की मेरे विरोध करने पर हाथ पकड़ लिया और धमकी दी घरवालों को बताया तो ठीक नहीं होगा। मैंने घर पहुंच कर परिवार वालों को परेशान कर रहे युवक के बारे में बताया। 24 मई को मेरा भाई ओमप्रकाश अटल सेवा केंद्र आ रहा था। इस दौरान उसे नगर पालिका के पास युवक खिल्लू सैनी खड़ा हुआ मिला तो शिकायत की और का मेरी बहन के साथ छेड़छाड़ क्यों करता है जिस पर युवक ने मेरे भाई को गाली गलौज और जाति सूचक शब्द कहे और मारपीट कर खत्म करने की धमकी दी।

## हादसें में दो जने घायल

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शहर में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो जने गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को गंगापुर गवर्नमेंट हॉस्पिटल भर्ती कराया। एक घायल की तबीयत ज्यादा खराब होने पर जयपुर रेफर किया गया है। पहला हादसा गंगापुर हिंडौन सडक मार्ग पर श्यारौली के पेट्रोल पंप के पास में हुई। यहां पर एक बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार 55 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोविंद राम (55) पुत्र सोजी राम पुजारी निवासी मीणा बडौदा शनिवार सुबह अपने गांव मीना बडौदा से पेट्रोल पंप के पास में काम करने के लिए बाइक से आ रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास ही सामने से आ रही बोलेरो ने गोविंद राम की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे गोविंद राम गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद में उसे जयपुर रेफर कर दिया। वहीं दौलतपुर डंपिंग यार्ड निवासी राजेश (35) पुत्र श्रीफल खारवाल को दौलतपुर लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## महिला ने गला व हाथ की नस काटी

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** थाना अंतर्गत बाय ग्राम के मोटा की ढाणी निवासी शिमला देवी पत्नी राजेंद्र वर्मा ने धारदार हथियार से अपना गला व हाथ की नस काट ली। परिजनों ने घायल को खाटूश्यामजी सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में सीकर रेफर कर दिया गया। घायल महिला के पति राजेंद्र ने बताया कि विमला देवी मानसिक रूप से बीमार है जिसके चलते गला व हाथ की नस काट ली।

# करोड़ों की लागत से बन रहे डिवाइडर में भरा जा रहा कचरा

## रोड निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है

**देवली, (निसं)।** देवली नगर पालिका द्वारा शहर के कोटा जयपुर मार्ग पर लगभग 15 करोड़ की लागत से भी अधिक सरकारी धन पर 5 किलोमीटर तक के रोड का पुनर्निर्माण दो भागों में करवाया जा रहा है। इस रोड निर्माण कार्य में सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता की मिलीभगत ठेकेदार के साथ साफ तौर पर दिखाई दे रही है। करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे हैं रोड निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की जांच जयपुर और टोंक के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की जा रही है। इसके बावजूद बेखोफ ठेकेदार रोड निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की बद नियति बनाए हुए हैं।

उक्त रोड कार्य में जारी की गई जी शेड्यूल रोड निर्माण ड्राइंग और कार्य आदेश की अवेहलना खुले तौर पर देखी जा सकती है। ठेकेदार ने पालिका द्वारा जारी की गई जी शेड्यूल कार्य आदेश और रोड ड्राइंग को दरकिनार कर संबंधित अधिकारी से मिलीभगत पर रोड का निर्माण कार्य करने में अपनी दबंगी ही दिखाई हुई है। जिसकी जानकारी पालिका प्रशासन के अधिशासी अधिकारी को बखूबी प्राप्त है। इसके बावजूद रोड निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसका जीता जागता सबूत यह है कि ठेकेदार गंदे नाले का सूखा मलबा डिवाइडर के बीच में भर कर जी शेड्यूल में दर्शाई गई सामग्री को ठेंगा दिखा रहा है।

गौरतलब है कि रोड निर्माण दौरान रोड के बीच बनाए गए डिवाइड रूम में सौंदर्यकरण को लेकर पौधे लगाए जाने की योजना पर गुड अर्थ मिट्टी यानी के पौधे लगाए जाने वाली मिट्टी डिवाइडर के बीच डाली जाती है लेकिन यहां ठेकेदार ने गंदे नाले का मलबा कचरा डिवाइडर के बीच डालकर जी शेड्यूल में दर्शाई गई सामग्री को अधिकारियों की मिलीभगत से दरकिनार कर दिया है। सुरेश कुमार मीणा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवली का कहना है इसमें क्या दिक्कत है अगर एक डेट फीट तक नाले का मलबा डाल दिया तो क्या दिक्कत हो गई इसको लेबल करवा देंगे।

## साइकिल रैली का आयोजन

**झुंझुनूं, (निसं)।** शनिवार को जिले भर में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न साइकिल रैलियों का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्नों से लेकर बुजूर्गों तक साइकिल दौड़ाकर सेहत का संकल्प लिया। रैली जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उसके बाद स्वयं ने भी साईकिल रैली में साईकिल चलाकर सेहतमंद और फिट रहने का संदेश दिया। रैली सुबह सात बजे शहीद पार्क से रोड नंबर दो से होते गांधी चौक होते पहुंची। यहां से रोड नंबर एक होते हुए वापस शहीद पार्क पर संपन्न हुई। जहां पर चिकित्सा विभाग में तीन कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यालय तक आवाजाही में हमेशा साईकिल का उपयोग कर फिट रखने के देने के लिए उन्हें जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने सम्मानित किया। इसमें रामावतारसिंह, आनंदसिंह और शिव प्रकाश शर्मा शामिल थे। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी एवं आमजन मौजूद रहे।

# सनातन ही कर सकता है दुनिया का नेतृत्व : जस्टिस नूपुर भाटी

**जोधपुर, (कासं)।** वैदिक मंत्रों के साथ योगासनों, दंड, यष्टि, नियुद्ध, योगचाप का प्रदर्शन करती युवतियों ने घोषवादन के साथ विभिन्न रचनाओं का प्रदर्शन किया। यह ओजपूर्ण दृश्य साकार हुआ प्रताप नगर की आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में जहां सेविका समिति के 15 दिवसीय प्रवेश व प्रबोध वर्ग के प्रशिक्षण शिविर का समापन भव्य समारोह के साथ सम्पन हुआ।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश डॉ. नूपुर भाटी ने प्रशिक्षार्थियों को जीवन में न्यायप्रिय बन कर संघर्ष करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। जस्टिस भाटी ने कहा कि हम सभी सेविका बहनें एक हनुमान की तरह है जो अपनी शक्ति भूल गई है और राष्ट्र सेविका समिति एक जामवंत की तरह है, जो भूली हुई शक्ति को याद दिला कर हमें जागृत कर रही है। अपनी संस्कृति को बचाकर रखना है। मुख्य वक्ता समिति की अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख डॉ. शरद रेणु ने समिति की स्थापना, कार्य व उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। डॉ. रेणु ने कहा भारत भूमि, देव भूमि पुण्य भूमि है इसकी सीमाएं अफगानिस्तान तक फैली हुई थी। बप्पा रावल, चंद्रगुप्त मौर्य, कृष्णदेव राय, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी व पृथ्वीराज चौहान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इनके शौर्य, पराक्रम और त्याग से ही अपना हिंदूत्व बचा रहा है।

राम मंदिर की स्थापना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्र के प्रेरणा पुरुष श्रीराम के जन्म स्थान को बचाने के लिए हिंदूओं ने लंबा संघर्ष और बलिदान दिया है। हमारे लिए वह गौरव का पल था, जब इसकी स्थापना के लिए भारत के प्रधानमंत्री ने नींव रखी। नई संसद भवन को भी याद करते हुए उन्होंने कहा की इसके उद्घाटन पर सिंगोल दंड की स्थापना भी अविस्मरणीय पल रहा है। इसी लिए आज हम विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है सनातन धर्म ही है जो दुनिया को सही राह दिखा नेतृत्व कर सकता है। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में एम्स में सेवारत प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ पंकजा राघव व जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता अरोड़ा मौजूद रही। एकल गीत व सामूहिक गीत का गायन किया गया।

प्रबोध वर्गाधिकारी धन्नपूर्णा गहलोत ने बताया कि प्रदेश के 3 प्रान्तों के 9 विभागों से 15 तथा जिलों के 19 स्थानों से 29 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रवेश वर्ग की अधिकारी राखी चौधरी ने बताया कि प्रवेश वर्ग में 111 प्रशिक्षार्थियों सहित 156 की संख्या रही। क्षेत्र कार्यवाहिका प्रमिला शर्मा ने क्षेत्र में समिति द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# पूर्व विधायक की कार के टायर चोरी



**पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य की कार के टायर चोरी हो गये।**

**भवानीमंडी, (निसं)।** शहर में एक बार फिर से चोर सक्रीय हो गए है। चोरों ने पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता की गाड़ी की कार से एक तरफ के दो पहिये चोर लिए। कार को पत्थरों के सहारे खड़ी कर फरार हो गए है। पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य ने बताया कि वह यहां शांति नगर कॉलोनी में अपने मकान में रहती है। जहां घर के बाहर खड़ी स्विपट कार के दोनों टायर अज्ञात चोर चुराकर ले गये।

उन्होंने बताया कि उन्हें चोरी का पता तब चला आज जब वह 10 बजे झालावाड़ जाने के लिए घर से निकली जहॉ देखने पर गाड़ी के दोनों टायर अज्ञात चोरों द्वारा निकाल कर गाड़ी को पत्थरों पर खड़ी कर गये। वहीं आर्य ने गाड़ी के टायर चोरी होने की जानकारी पुलिस उप अधीक्षक को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची मौका मुआवना कर चोरों की तलाश में जुट गई है। पूर्व विधायक स्नेहलता ने बताया कि यह राजनितिक षडयंत्र भी हो सकता है। चोरी की इस घटना की जानकारी वह जिला प्रभारी व मंत्री प्रमोद जैन भाया को भी देंगी।

# योग गुरू बाबा रामदेव रिवाला धाम पहुंचे

## संकट मोचन 108 कुण्डीय महायज्ञ में दी आहुतियां

**कोटपूतली/बहरोड, (निसं)।** योग गुरू बाबा रामदेव शनिवार को निकटवर्ती ग्राम मलपुरा के रिवाला धाम पहुंचे। जहां उन्होंने संकट मोचन 108 कुण्डीय महायज्ञ में भाग लेकर आहुतियां दी। वहीं अलवर सांसद महंत बालकनाथ ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने हवन कुण्ड में आहुतियां देकर देश की खुशहाली की कामना की।

जानकारी के अनुसार बाबा रामदेव व महंत बालकनाथ हैलीकॉप्टर से शनिवार को ग्राम मलपुरा पहुंचे। रिवाला धाम मंदिर महंत स्वामी गणेशानंद महाराज ने हेलीपैड पर जाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर योग गुरू बाबा रामदेव ने सभी यजमानों को आशीर्वचन देकर सत्संग किया एवं गुरुकुल के प्रथम चरण का उद्घाटन भी किया। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि जिस प्रकार आज महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, उसकी आज के समय में बहुत ज्यादा आवश्यकता है। भारतीय



**योग गुरू बाबा रामदेव ने ग्राम मलपुरा के रिवाला धाम पर कार्यक्रम में शिरकत की।**

पद्धति को जागरूक कर आज की युवा पीढ़ी को जगाना बेहद आवश्यक है। भारत वर्ष में सदियों से यज्ञों का बहुत महत्व रहा है। उन्होंने यज्ञ शाला में स्टेज पर योग भी किया। बाबा रामदेव ने कहा कि वर्तमान युग में सभी को योग को नियमित रूप से करना चाहिये। योग करने से मनुष्य की उम्र बढ़ती है एवं मनुष्य स्वस्थ्य रहता है। इस दौरान भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, भाजपा नेता महेन्द्र यादव बानसूर, समाजसेवी दिनेश मित्तल, इंजी. विक्रम कसाना समेत बड़ी संख्या में साधु संत, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

■ **भारतीय पद्धति को जागरूक कर युवा पीढ़ी को जगाना जरूरी : बाबा रामदेव**

ग्राम मलपुरा के रिवाला धाम में आयोजित किये जा रहे संकट मोचन 108 कुण्डीय महायज्ञ में प्रतिदिन सवा लाख आहुतियां दी जा रही है। 6 दिवसीय 108 कुण्डीय महायज्ञ में आसपास के गांवों के हजारों ग्रामीणों सहित साधु संत भाग ले रहे है। महायज्ञ में यजमानों द्वारा रोजाना गाय के शुद्ध देशी घी की सवा लाख आहुतियां दी जा रही है। महायज्ञ का समापन रविवार को होगा।